# प्रो. गिरिजेश ने अल्स्टर विवि और पुनर्वास विवि के बीच एमओयू पर विचार किया साझा

लखनऊ। अल्स्टर विश्वविद्यालय के नॉर्दर्न आयरलैंड फंक्शनल ब्रेन मैपिंग फैसिलिटी के निदेशक एवं इंटेलिजेंट सिस्टम के प्रो. गिरीजेश प्रसाद ने शनिवार को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर का परिभ्रमण किया गया। भ्रमण की शुरूआत कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र से की गयी। केंद्र में दिव्यांगजनों को प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं यथा कृत्रिम पैर, हाथ ऑर्थोटिक्स, स्प्लिंट्स आदि के बारे में जानकारी दी गयी और इससे संबंधित चल रहे बीपीओ एवं एमपीओ पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त केंद्र में चल रहे विभिन्न शोध कार्यों के बारे में जानकारी साझा की गयी, जिस पर प्रो. प्रसाद द्वारा साथ मिलकर शोध कार्य करने की इच्छा जाहिर की गयी। दृष्टि दिव्यांग छात्रों के सम पठन-पाठन के लिए विश्वविद्यालय में स्थापित ब्रेल प्रेस का भ्रमण किया। इस सुविधा में बेहतरीन के लिए इंटेलिजेंट सिस्टम के योगदान के बारे में प्रो. प्रसाद ने बताया। विश्व स्तरीय विशिष्ट स्टेडियम तथा इसमें दी जा रही दिव्यांग जनों खिलाड़ियों को सुविधा के बारे में जानकारी दी गयी और यह भी अवगत कराया गया कि यहां के खिलाड़ी विश्व स्तर पर कई मेडल जीत चुके हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेल का आयोजन किया जा चुका है। इसके बाद प्रो. प्रसाद ने केंद्रीय पुस्तकालय का भ्रमण किया। इसमें स्थापित लुई ब्रेल कंप्यूटर ब्रेल लिपि में लिखी गयी पुस्तकों का संग्रह तथा टॉकिंग बुक स्टूडियो की जानकारी पुस्तकालय प्रभारी प्रो. यशवंत वीरोदय द्वारा दी गयी। इसके बाद विश्वविद्यालय में स्थापित ललित कला संग्रहालय एवं अटल प्रेक्षागृह का भ्रमण किया जहां समावेशी रूप से दिव्यांग एवं सकलांग छात्रों द्वारा बनायी गई कलाकृतियां को देखकर प्रो. प्रसाद ने खुशी जाहिर की। भ्रमण के बाद प्रो प्रसाद ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह से मुलाकात की।

# एआई के माध्यम से दिव्यांगों को मिलेंगी बेहतर शोध की सुविधाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के माध्यम से शोध में नवाचार के साथ विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए विवि ने आयरलैंड के अल्स्टर विश्वविद्यालय के साथ एमओयू करने पर सहमति जताई है।

अल्स्टर विश्वविद्यालय में नॉर्दर्न आयरलैंड फंक्शनल ब्रेन मैपिंग फैसिलिटी सेंटर के निदेशक व इंटेलिजेंस सिस्टम के प्रोफेसर गिरिजेश प्रसाद ने पुनर्वास विवि का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं में कृत्रिम पैर-हाथ, ऑर्थोटिक्स, स्प्लिंट्स आदि के बारे में बताया गया। इससे संबंधित बीपीओ व एमपीओ पाठ्यक्रम की भी जानकारी दी गई।

## पुनर्वास विवि करेगा अल्स्टर विश्वविद्यालय से एमओयू

प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि प्रो. गिरिजेश ने अपने संस्थान से एमओयू की इच्छा जाहिर की है। इसे जल्द अमलीजामा पहनाया जाएगा। प्रो. गिरिजेश ने कुलपति प्रो. संजय सिंह से भी चर्चा की है। प्रवक्ता ने बताया, एमओयू का उद्देश्य इंटेलीजेंस सिस्टम पर आधारित शोध कर दिव्यांगजनों को तकनीक पर आधारित सुविधा देना है। साथ ही दोनों विवि में शिक्षकों व छात्रों का आदान-प्रदान संग संयुक्त कार्यशाला व शॉर्टटर्म एकेडमिक प्रोग्राम भी कराए जाएंगे। इसी क्रम में रोबोटिक एक्सोस्केलेटन का न्यूरो रिहैबिलिटेशन में योगदान विषय पर व्याख्यान हुआ। इसमें प्रो. गिरिजेश प्रसाद, कुलसचिव रोहित सिंह, प्रो. वीके सिंह, प्रो. अश्विनी दुबे आदि उपस्थित रहे।

# AI से दिव्यांगों की पढ़ाई होगी आसान

NBT रिपोर्ट, लखनऊः डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय अब आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से दिव्यांगों की पढ़ाई को और बेहतर बनाएगा। इसके लिए विवि आयरलैंड के अल्स्टर विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम करेगा। इसके लिए दोनों विवि मिलकर एआई आधारित सिस्टम तैयार करेंगे, जिससे दिव्यांगों की पढ़ाई को बेहतर होगी।

**शकुंतला विवि, आयरलैंड के अल्स्टर विवि के साथ मिलकर करेगा काम**

अल्स्टर विवि के प्रो. गिरीजेश प्रसाद ने शनिवार को शकुंतला विवि का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विवि में दिव्यांगों के लिए मौजूद सुविधाओं को देखा। इसके बाद दोनों संस्थाओं ने समझौता पत्र साइन करने पर निर्णय लिया। समझौते के तहत दोनों विवि के शिक्षक व छात्रों के बीच शैक्षिक आदान प्रदान पर सहमति बनी। साथ ही दोनों विवि शॉर्ट टर्म अकैडमिक प्रोग्राम भी शुरू करेंगे। चूंकि अल्स्टर विवि इंटेलिजेंस सिस्टम पर काम करता है, ऐसे में शकुंतला विवि के दिव्यांगों के लिए इस तरह के सिस्टम विकसित करने में मदद मिलेगी। जिससे दिव्यांग छात्रों को पढ़ाई में काफी मदद और सहूलियत होगी।

# एमओयू: एआई से रिसर्च वर्क में नवाचार को विस्तार

लखनऊ। शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में इंटेलीजेंट सिस्टम के जरिए दिव्यांग विद्यार्थियों के जीवन को बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। एआई से रिसर्च वर्क में नवाचार की सुविधाओं को विस्तार मिलेगा। विवि ने आयरलैंड के अल्स्टर विश्वविद्यालय के साथ एमओयू करने पर सहमति जताई है। अल्स्टर विश्वविद्यालय में नॉर्दर्न आयरलैंड फंक्शनल ब्रेन मैपिंग फैसिलिटी सेंटर के निदेशक प्रो. गिरिजेश प्रसाद ने पुनर्वास विवि का दौरा किया।

# आयरलैंड के शिक्षक ने किया पुनर्वास विवि का दौरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **विवि में शोध कार्य करने की इच्छा जाहिर की**

**अमृत विचारः** आयरलैंड के इंटेलिजेंट सिस्टम अल्स्टर विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. गिरीजेश प्रसाद ने डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का दौरा किया। भ्रमण की शुरुआत उन्होंने कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र से की। केंद्र में दिव्यांगजनों को प्रदान की जा रही कृत्रिम पैर, हाथ ऑर्थोटिक्स, स्प्लिंट्स आदि सुविधाओं की जानकारी ली।

बीपीओ व एमपीओ पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी लेने के साथ सुझाव भी दिए। प्रो प्रसाद ने मिलकर विवि में शोध कार्य करने की इच्छा जाहिर की। विश्वविद्यालय में स्थापित ब्रेल प्रेस का भ्रमण किया। उन्होंने कुलपति आचार्य संजय सिंह से मुलाकात कर दोनों विश्वविद्यालय में समझौता पर सहमति जताई।

इंटेलिजेंट सिस्टम पर आधारित शोधकर दिव्यांगजनों को बेहतर तकनीक पर आधारित सुविधा प्रदान करना। दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षक गण एवं छात्रों का आदान-प्रदान करना ताकि बेहतर तकनीक सीखे जा सके।

संयुक्त कार्यशाला सेमिनार सेमिनार तथा शॉर्ट टर्म एकेडमिक प्रोग्राम आदि शुरू किया जा सकेंगे।